आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com

जालंधर, वीरवार 27 फरवरी 2025
वंदे भारत 24
भारत के मन की बात



@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# 77 की उम्र में मां कैसे जिएगी?

## 5000 रुपये के लिए चले आए हाईकोर्ट... दिल छू लेगा जज साहब का फैसला

**जालंधर( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति की 77 वर्षीय मां को 5,000 गुजारा भत्ता देने को चुनौती देने वाली याचिका पर हैरानी जताते हुए उसे पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारी समझाने के साथ अच्छा सबक सिखाया. अपनी टिप्पणी में जज साहब ने पैरेंट्स की सुरक्षा और उनके कानूनी अधिकारों का जिक्र करते हुए इसे अदालत की अंतरात्मा को झकझोरकर रख देने वाला मामला बताया. इस तरह हाईकोर्ट ने बता दिया कि कानून, सिनियर सिटिजंस के अधिकारों की रक्षा करता है. उम्मीद है कि इस खबर को पढ़ने के बाद कोई भी अपने, मां-बाप की सेवा में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा.

### 5000 रुपये के लिए हाईकोर्ट चले आए... इमोशनल कर देगा जज साहब का फैसला

जस्टिस जसगुरप्रीत सिंह पुरी ने इसे कलियुग का सटीक उदाहरण मानते हुए न सिर्फ कलजुगी बेटे की याचिका खारिज की बल्कि उसके ऊपर 50,000 का जुर्माना लगाया. जस्टिस पुरी ने उसे 3 महीने के भीतर ये रकम फैमिली कोर्ट, संगरूर के सामने मां के नाम पर डिपॉजिट करने का आदेश दिया है.

आदेश पढ़ते हुए जस्टिस पुरी ने कठोर टिप्पणी करते हुए कहा, ये याचिका कलयुग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है और इस मामले ने कोर्ट अंतरात्मा को झकझोर कर रख दिया है. फैमिली कोर्ट के द्वारा पारित आदेश में कुछ भी अवैध नहीं है. 5,000/-रुपये की राशि भी कोई ज्यादा नहीं थी. आप पिता की प्रॉपर्टी ले चुके हैं और फिर भी 5000 रुपये के लिए हाईकोर्ट चले आए...




### क्या है पूरा मामला

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक 77 साल की महिला के पति का स्वर्गवास करीब 32 साल पहले 1992 में हुआ था. उनके परिवार में एक बेटा और एक विवाहित बेटी है. उसके दो बेटे थे, हालांकि दूसरे की भी बाद में मृत्यु हो गई थी. पति की मृत्यु के बाद, महिला की 50 बीघे ज़मीन उसके बेटे और उसके मृत बेटे के बेटों को ट्रांसफर हो गई थी. 1993 में, उन्हें उनके अतीत, वर्तमान और भविष्य के रखरखाव के लिए 1 लाख की राशि दी गई थी. इसके बाद वो अपनी बेटी के साथ रहने लगीं. मां को ?5,000 गुजारा भत्ता देने के फैमिली कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए, बड़े बेटे ने तर्क दिया कि चूंकि मां उसके साथ नहीं रह रही थीं, ऐसे में पारिवारिक अदालत मेंटिनेंस का आदेश पारित नहीं कर सकती थी.

### कोर्ट रूम LIVE

हालांकि, मां का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने तर्क दिया कि उसके पास आय का कोई स्रोत नहीं है और वह अपनी बेटी की दया पर जीने के लिए मजबूर है, उसके पास उसके भरण-पोषण के लिए कोई अन्य विकल्प नहीं है. कोर्ट ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण मामला बताया और कहा कि एक बार जब यह पता चला कि बुजुर्ग महिला के पास आय का कोई स्रोत नहीं है, तो उसके बेटे के लिए याचिका दायर करने का कोई आधार नहीं है.

### याचिका खारिज

जस्टिस पुरी ने कहा, बेटा, पिता की संपत्ति का उत्तराधिकारी है, वो मां को 5,000/- रुपये महीना गुजारा भत्ता इसलिए नहीं देना चाहता, क्योंकि वो शादीशुदा बेटी के घर रहती हैं. ये तर्क समझ से परे हैं, इसका कोई आधार नहीं है, इसलिए कोर्ट याचिका खारिज करती है, डिसमिस.

# करोड़पति से कातिल बनने वाला Dosa King कौन? 3000 करोड़ का समाज्य एक चूक से खत्म

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** दक्षिण भारतीय खाने का जिक्र होते ही सरवणा भवन का नाम अपने आप जुबान पर आ जाता है। इस मशहूर रेस्तरां चेन के पीछे एक ऐसा शख्स था, जिसने जीरो से शुरुआत कर 3,000 करोड़ का साम्राज्य खड़ा किया।

डोसा किंग के नाम से मशहूर पिचाई राजगोपाल ने अपनी कड़ी मेहनत और अनोखे बिजनेस मॉडल से दुनिया भर में सरवणा भवन को फैलाया। लेकिन सफलता की इस चमक के पीछे एक काली कहानी छिपी थी। ज्योतिष पर अंधविश्वास और जुनून ने उन्हें अपराध की राह पर डाल दिया। एक समय के सफल कारोबारी का अंत जेल में हुआ।

**दक्षिण भारत का सबसे मशहूर रेस्तरां** - दक्षिण भारतीय खाने की पहचान बन चुके सरवणा भवन के संस्थापक पिचाई राजगोपाल की कहानी सफलता, संघर्ष और अपराध का अनोखा मिश्रण है। एक प्याज बेचने वाले के बेटे के रूप में जन्मे राजगोपाल ने 1981 में चेन्नई में पहला सरवणा भवन रेस्तरां खोला। उन्हें एक




ज्योतिषी ने सलाह दी थी कि आग से जुड़ा कारोबार करो। शुरुआत में नुकसान झेलने के बावजूद, उन्होंने अपने रेस्तरां में बेहतरीन क्वालिटी बनाए रखी और धीरे-धीरे सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए। कम कीमत में शुद्ध और स्वादिष्ट दक्षिण भारतीय भोजन परोसने की उनकी नीति ने उन्हें लोकप्रिय बना दिया। उनकी मेहनत और समर्पण ने सरवणा भवन को दुनिया भर में प्रसिद्ध बना दिया और 2019 तक यह 22 देशों में 111 रेस्तरां तक फैल गया।

### ज्योतिष पर विश्वास बना विनाश की वजह

लेकिन उनकी सफलता की कहानी एक त्रासदी में बदल गई। ज्योतिष में अत्यधिक विश्वास के चलते उन्होंने अपनी किस्मत संवारने के लिए अपने असिस्टेंट मैनेजर की बेटी, जीवाज्योति से शादी करने का फैसला किया, जबकि वह पहले ही प्रिंस संथाकुमार नामक युवक से शादी कर चुकी थी। जब जीवाज्योति ने राजगोपाल का प्रस्ताव ठुकराया, तो उन्होंने उसे और उसके पति को धमकाना शुरू कर दिया। अक्टूबर 2001 में संथाकुमार का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई। कुछ दिनों बाद, उसका शव कोडाइकनाल के जंगलों में मिला। जांच में पता चला कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई थी।



### जेल की सजा और दुखद अंत

इस अपराध के चलते राजगोपाल को 2004 में 10 साल की सजा सुनाई गई, लेकिन बाद में मद्रास हाईकोर्ट ने इसे उम्रकैद में बदल दिया। 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी सजा को बरकरार रखा और उन्हें जेल भेज दिया गया। अपनी सजा काटने के दौरान ही उनकी तबीयत बिगड़ गई और जुलाई 2019 में उनकी मौत हो गई। राजगोपाल की जिंदगी की इस अनोखी दास्तान पर अब निर्देशक टीजे ज्ञानवेल एक फिल्म डोसा किंग बना रहे हैं, जिससे यह कहानी एक बार फिर चर्चा में आ गई है।

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR
HOSPITAL PVT. LTD.
आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा
हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।



Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247





# शिवपुरी हेल्थ क्लब द्वारा 66वां महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न, अतिथियों का हुआ सम्मान

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** शिवपुरी हेल्थ क्लब द्वारा आयोजित 66वां महाशिवरात्रि महोत्सव बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. नवनीत कपूर (हकीम तिलक राज कपूर हॉस्पिटल) और डॉ. आशीष कपूर (S.T. हॉस्पिटल) समेत दैनिक सवेरा के स्टेट हेड रविंद्र शर्मा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। भव्य आयोजन में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आराधना की, अतिथियों का माला और प्रभु की फोटो भेंटकर स्वागत किया गया।

साथ ही, महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर पारंपरिक कुश्तियों का आयोजन भी किया गया, जिसमें पहलवानों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर भाजपा के सीनियर नेता नरेन्द्र पाल सिंह ढिल्लों, प्रदीप खुल्लर भी मौजूद रहे।




*काला संघा शूर मार्किट में महाशिवरात्रि पर लंगर वितरित करते हुए डॉ. नवनीत कपूर (हकीम तिलक राज कपूर हॉस्पिटल), दैनिक सवेरा के स्टेट हेड रविंद्र शर्मा, नरेन्द्र पाल सिंह ढिल्लों एवं संजीव सोंधी आदि ।*

# दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प, झंडा लगाने पर बढ़ा विवाद

**जालंधर (अंशु कपूर) :** झारखंड के हजारीबाग जिला अंतर्गत इचाक प्रखंड के डुमरौन गांव में दो समुदायों के बीच बुधवार को हिंसक झड़प हुई। दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ, जिसमें कम से कम 20 लोग घायल हुए हैं। उपद्रवियों ने तीन मोटरसाइकिल में भी आग लगा दी। हिंसक टकराव की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन के अधिकारी और सुरक्षा बलों की टुकड़ियां मौके पर पहुंचीं।

इसके बाद हालात पर काबू पा लिया गया। बताया गया कि डुमरौन स्थित सरकारी विद्यालय के गेट पर धार्मिक झंडा लगाने को लेकर विवाद बढ़ा और देखते ही देखते दो समुदायों के लोग आमने-सामने हो गए। एक समुदाय ने करीब दो साल पहले विद्यालय में धार्मिक प्रतीक वाला मीनारनुमा गेट बना दिया था। इस पर ग्रामीणों का एक समूह



लगातार आपत्ति जताता रहा है। इसे लेकर जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सहित कई अफसरों को कई बार ज्ञापन भी सौंपा गया था, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। बुधवार को इसी गेट के पास एक समुदाय के लोग गाना बजाते हुए धार्मिक झंडा लगाने पहुंचे तो दूसरे पक्ष ने पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों ओर से जमकर भिड़ंत हुई।

घायलों का स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया गया है। पुलिस के पहुंचने के बाद दोनों पक्षों को मौके से हटा दिया गया, लेकिन इस बीच तीन मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर देने से तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। इचाक के बीडीओ और थाना प्रभारी मौके पर मौजूद हैं।

पुलिस-प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए इलाके में शांति बहाल करने के लिए अभियान तेज कर दिया है। दोनों पक्षों के बीच वार्ता कराने की कोशिश की जा रही है।

एक समुदाय के लोगों का कहना है कि जब प्रशासन ने सरकारी विद्यालय में धार्मिक प्रतीक वाला मीनार का निर्माण नहीं रोका तो दूसरे पक्ष को भी वहां झंडा लगाने का अधिकार है।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# किसान के बेटा-बेटी को वर्क परमिट पर कनाडा भेजने का दिया झांसा, पीएपी में तैनात कांस्टेबल गिरफ्तार



**जालंधर (अंशु कपूर) :** जालंधर में ठगी के आरोपों में पीएपी की 80 बटालियन में तैनात कांस्टेबल बलकार सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कांस्टेबल पर किसान रणजोध सिंह के बेटे-बेटी को वर्क परमिट पर कनाडा भेजने का झांसा देकर 18 लाख 15 हजार 220 रुपये की ठगी का आरोप है।

थाना कैंट में बीते साल 30 दिसंबर को केस दर्ज किया गया था। केस में बलकार की बेटी लवजोत कौर, भतीजी हरविंदर कौर वासी गांव बेजा (गुरदासपुर) और बटाला की रहने वाली संदीप कौर की तलाश की जा रही है।

कमिश्नर को दी शिकायत में आदमपुर के किसान रणजोध सिंह ने कहा था कि उसकी बेटी जसप्रीत कौर नर्सिंग का कोर्स कर रही थी। उसकी क्लास में लवजोत कौर थी। उसने बताया था कि वे लोग कनाडा भेजने का काम करते हैं। इसलिए वह पीएपी के सरकारी क्वार्टर में रहते बलकार सिंह और उनकी बेटी से मिले थे। बलकार ने उसे बताया था कि वह पीएपी की 80 बटालियन में तैनात है और 30 लाख रुपये बेटी को कनाडा भेजने का सौदा तय हुआ।

इसके बाद उसने बेटे-बेटी का पासपोर्ट दे दिया था। करीब 18 लाख 15 हजार 220 रुपये वह दे चुका था। इनमें से 4 लाख रुपये लवजोत के खाते में तो 5 लाख रुपये उसकी ममेरी बहन हरविंदर कौर के खाते में ट्रांसफर किए गए थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी बेटा-बेटी को कनाडा नहीं भेजा, जब वे बलकार के घर गए तो बताया गया कि उनका काम बटाला में रहती उनकी रिश्तेदार संदीप कौर करवा रही है। इसके बाद वह भी आ गई थी।

कुछ समय बाद बलकार ने फोन करके बताया कि उनका काम नहीं हुआ है। इसके बाद बीते साल 10 अगस्त को बेटे-बेटी के पासपोर्ट लौटा दिए थे। उन्हें कहा कि पैसे 15 सितंबर को लौटा देंगे। काफी समय बीत जाने के बाद भी पैसे नहीं दिए थे। मामले की जांच के दौरान बलकार की पत्नी को क्लीन चिट दे दी गई थी।

## पठानकोट में बीएसएफ की बड़ी कार्रवाई: घुसपैठ की साजिश नाकाम, एक पाकिस्तानी घुसपैठिया ढेर; तलाशी अभियान जारी



**जालंधर (जसप्रीत सिंह) :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को आज एक बड़ी कामयाबी मिली है। बीएसएफ के जवानों ने पठानकोट के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया है। बताया जा रहा है कि एक शख्स पठानकोट के रास्ते भारत में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था।

इसी दौरान बीएसएफ के जवानों ने उसे चेतावनी दी, लेकिन वह उसे नजरअंदाज करते हुए लगातार आगे बढ़ता रहा। ऐसे में खतरे को भांपते बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया। बीएसएफ के अनुसार, 26 फरवरी की सुबह ताशपतन बॉर्डर पोस्ट पर जवानों ने सीमा के पार संदिग्ध गतिविधि देखी। वह भारतीय सीमा में घुसपैठ की कोशिश कर रहा था। सतर्क जवानों ने उसे चेतावनी दी लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया और आगे बढ़ता रहा। ऐसे में खतरे को भांपते हुए बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिए को मार गिराया। घुसपैठिए की पहचान और मकसद का पता लगाया जा रहा है। सतर्क बीएसएफ जवानों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया।

बीएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि पाक रेंजर्स के समक्ष इस मुद्दे पर कड़ा विरोध दर्ज कराया जाएगा।

## मैं इस टाइम बहुत परेशान हूं, समय रैना ने लाइव शो में जताई मायूसी

**जालंधर (पंकज शर्मा) :** Indias Got Latent को लेकर पैदा हुए विवाद के बाद कामेडियन समय रैना ने एक वीडियो में कहा है कि 'जाने से पहले एक-दो बातें करना चाहता हूं। आप लोग आज रात आए तो उसके लिए थैंक यू सो मच।' फिर समय आगे बोले, 'बात ये है जो मुझे तुमसे कहनी है भाई कि मैं इस टाइम बहुत परेशान हूं।' शो में मौजूद उनके प्रशंसकों ने उनका उत्साहवर्धन किया।



समय रैना ने अपने प्रशंसकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कठिन समय में उनका समर्थन जारी है। यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया ने समय रैना के इंडियाज गॉट लैटेंट शो में भाग लिया और एक प्रतियोगी से बातचीत के दौरान उनके माता-पिता के यौन संबंधों को लेकर अभद्र टिप्पणी की, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। महाराष्ट्र साइबर सेल इस विवाद की जांच कर रही है। महाराष्ट्र साइबर सेल ने शो से जुड़े 30 से ज्यादा लोंगो को तलब किया है। 24 फरवरी के दिन आशीष चंचलानी और रणवीर इलाहाबादिया ने अपना बयान दर्ज कराया।

## दोषी सांसदों पर आजीवन बैन लगाना सही नहीं, केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा

**जालंधर (अंशु कपूर) :** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए गए राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध कठोर होगा इसलिए छह साल का प्रतिबंध पर्याप्त है। वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका के जवाब में दायर एक हलफनामे में, केंद्र सरकार ने कहा कि अयोग्यता की अवधि तय करना पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में है। इसमें कहा गया है कि दंड के क्रियान्वयन को एक उपयुक्त समय तक सीमित कर, रोकथाम सुनिश्चित की गई है और अनावश्यक कठोर कार्रवाई से बचा गया है। केंद्र ने कहा कि यह कानून का स्थापित सिद्धांत है कि दंड या तो समय या मात्रा के अनुसार निर्धारित होते हैं। हलफनामे में कहा गया है, ''यह दलील दी गई है कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दों के व्यापक प्रभाव हैं और वे स्पष्ट रूप से संसद की विधायी नीति के अंतर्गत आते हैं तथा इस संबंध में न्यायिक समीक्षा की रूपरेखा में उपयुक्त परिवर्तन करना पड़ेगा।'' केंद्र सरकार के हलफनामे में कहा गया है कि याचिकाकर्ता का संविधान के आर्टिकल 102 और 191 पर इस मामले में भरोसा पूरी तरह से गलत है।



संविधान के आर्टिकल 102 और 191 संसद के किसी भी सदन, विधान सभा या विधान परिषद की सदस्यता के लिए अयोग्यता से संबंधित हैं। केंद्र ने कहा कि अनुच्छेद 102 और 191 के खंड (ई) संसद को अयोग्यता को नियंत्रित करने वाले कानून बनाने की शक्ति देते हैं और इसी शक्ति का इस्तेमाल करते हुए 1951 का अधिनियम बनाया गया था।

## जालंधर ED ने व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड के फाउंडर को किया गिरफ्तार, जाने पूरा मामला

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** जालंधर ED ने दिल्ली की व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड के फाउंडर को गिरफ्तार किया है।

आरोपी व्यक्ति को दिल्ली से सर्च के बाद गिरफ्तार किया गया है। बता दे कि व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड पर दूसरी कंपनियों के साथ मिलकर विभिन्न निवेशकों को झांसा देने का आरोप है। आरोपी की पहचान आरिफ निसार के रूप मे हुई है। जो इस कंपनी के फाउन्डर है। फिलहाल नासिर को 8 दिन का रिमांड मिला है।



### जांच में पूरा सहयोग नहीं करना, नासिर पर पड़ी भारी

ED ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड और संबंधित संस्थाओं और व्यक्तियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत ये सर्च की गई थी। जिसके बाद जब जांच में पूरा सहयोग नहीं मिला तो ईडी जालंधर ने नासिर को गिरफ्तार कर लिया और उससे भारी मात्रा में रिकॉर्ड भी जब्त किया है। इसके आधार पर मामले में आगे की जांच जारी है। केस में अन्य साथियों और रिकॉर्ड के आधार पर पूछताछ की जाएगी।

### क्या है पूरा मामला?

बता दे कि नोएडा के गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने बीएनएस 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। ईडी की जांच में सामने आया था कि व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज लिमिटेड ने दूसरी कंपनियों के साथ मिलकर विभिन्न निवेशकों को झांसा दिया है। उन्हें क्लाउड पार्टिकल्स बेचने और उन पार्टिकल्स को वापस लीज पर देने की आड़ में ज्यादा रिटर्न देने की बात कही गई।

जबकि इसके लिए उनके पास कोई इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं था। पिछले काफी समय से ईडी जालंधर इस मामले में जांच कर रही थी और केस में अभी तक करीब 180 करोड़ से ज्यादा के एसेट जब्त भी कर चुकी है।

**ED की दर्जनों शहरों मे सर्च :** पंजाब की जालंधर ED टीम ने पंजाब, हरियाणा और मुंबई सहित 2 दर्जन से ज्यादा जगहों पर सर्च की थी। ये कार्रवाई व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज, बिग बॉय टॉयज और अन्य कंपनियों पर हुई थी। जांच में सामने आया कि व्यूनाउ और इससे जुड़ी कंपनियों ने शेल कंपनियों के जरिए बड़े पैमाने पर फंड रूट कर लग्जरी वाहनों और संपत्तियों में निवेश किया। इससे पहले 26 नवंबर 2024 को भी PMLA, 2002 के तहत इन कंपनियों के परिसरों में तलाशी ली गई थी।



# आप ने रास सांसद संजीव अरोड़ा को बनाया उम्मीदवार, गोगी के निधन के बाद हुई थी खाली


**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने संजीव अरोड़ा को अपना उम्मीदवार बनाया है। आम आदमी पार्टी के हलका लुधियाना पश्चिम से विधायक गुरप्रीत गोगी बस्सी का जनवरी में देहांत हो गया था। विधायक गोगी एक बेबाक अंदाज में जीने वाले व्यक्ति थे।

टिकट मिलने के बाद संजीव अरोड़ा ने कहा कि मैं आम आदमी पार्टी के नेतृत्व आभारी हूं कि उन्होंने मुझ पर विश्वास जताया और लुधियाना पश्चिम उपचुनाव लड़ने का अवसर दिया। अपने गृहनगर से गहराई से जुड़े होने के नाते मैं अपने लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने की आशा करता हूं।

### 2022 में बने थे राज्यसभा सांसद

लुधियाना के बड़े व्यवसायी संजीव अरोड़ा को आप की तरफ से मार्च 2022 में राज्यसभा का टिकट मिला था। संजीव अरोड़ा का राजनीति से कोई लेना देना नहीं है। उनका परिवार लुधियाना का रहने वाला है। उनका एक घर गुरुग्राम में भी है।

अरोड़ा रियल स्टेट के कारोबारी हैं, इसके अलावा गुरुग्राम में गारमेंट्स का बड़ा कारोबार है। लुधियाना से संजीव अरोड़ा तीसरे राज्यसभा सदस्य बने थे। इससे पहले भाजपा से सतपाल मित्तल और लाला लाजपत राय राज्यसभा में प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अब आप ने अरोड़ा को उपचुनाव में उम्मीदवार बनाया है।



### एक्सपोर्ट के बड़े कारोबारी हैं अरोड़ा

58 वर्षीय संजीव अरोड़ा 1986 से व्यवसाय में हैं। उन्होंने रितेश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नाम से सफल एक्सपोर्ट हाउस चलाया है। उनका एक्सपोर्ट का बड़ा काम है, अमेरिका के वर्जीनिया में अपना एक्सपोर्ट कार्यालय खोलकर काम शुरू किया। 2006 के बाद से, उन्होंने कंपनी का नाम बदलकर रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड करके रियल इस्टेट में विविधता लाई।

उन्होंने लुधियाना में एक अत्याधुनिक औद्योगिक पार्क विकसित किया है। इस परियोजना में पहले से ही लगभग 70 उद्योग काम कर रहे हैं। वर्ष 2019 में उन्होंने मेक इन इंडिया योजना के तहत सुजूकी मोटर्स गुजरात प्लांट के साथ टाई-अप कर टेनरॉन लिमिटेड के नाम और शैली में लौह धातु व्यवसाय में कदम रखा। वर्तमान में कंपनी पिछले 3 साल से 50 फीसदी से अधिक की सीएजीआर से बढ़ रही है। इसका अनुमानित कारोबार वित्त वर्ष 22-23 में 700 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, उनके नेतृत्व में महिलाओं के वस्त्र बनाने का एक ब्रांड 'फेमेला' कंपनी के तहत फेमेला फैशन लिमिटेड नाम से लांच किया है।

## लुधियाना के एएसआई की सड़क हादसे में मौतः गोराया हाईवे पर मोटरसाइकिल को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** पंजाब के जालंधर के थाना गोराया के पास हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस के एएसआई की मौत हो गई। मृतक की पहचान लुधियाना के 54 साल के बलवीर चंद पुत्र मदन लाल के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक के बेटे सचिन ने बताया कि उसके पिता लुधियाना कमिश्नरेट पुलिस में एएसआई थे। हर दिन की तरह एएसआई बलवीर चंद अपनी ड्यूटी पर गए थे। लेकिन जब वह अपना काम खत्म कर अपने बाइक पर घर जा रहे थे तो गोराया के पास नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें साइड मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई और वे रोड पर गिर गए। घटना में उन्हें गंभीर चोटें आईं थी। जिसके बाद उन्हें लुधियाना के डीएमसी अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। थाना गोराया पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है । साथ ही अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में फिलहाल कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस जांच के लिए सीसीटीवी खंगाल रही है।



# पूर्वी थाईलैंड में पलटी चार्टर्ड बस; दुर्घटना में 18 लोगों की मौत, 31 घायल

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** पूर्वी थाईलैंड में बुधवार सुबह एक चार्टर्ड बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 31 अन्य लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सड़क दुर्घटना प्राचीन बुरी प्रांत में उस समय हुई, जब बस उत्तरी थाईलैंड से तटीय रेयोंग प्रांत की यात्रा कर रही थी। बस में एक दल सवार था, जो नगरपालिका अध्ययन दौरे पर निकला था।




### सुरक्षा मानक जांचने के लिए यात्री वाहनों की जांच होगी तेज

परिवहन विभाग ने कहा कि वह इस सड़क दुर्घटना की जांच में पुलिस के साथ समन्वय करेगा। साथ ही सभी यात्री वाहनों की जांच तेज की जाएगी, जिससे कि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सुरक्षा मानकों को पूरा करते हैं या नहीं।

### सड़क दुर्घटना में मौतों के मामले में 9वें स्थान पर है थाईलैंड

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, थाईलैंड में सड़क सुरक्षा एक बड़ी समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, सड़क दुर्घटना में मौतों के मामले में थाईलैंड 175 सदस्य देशों में से 9वें स्थान पर है।

इसकी जानकारी पिछले साल अक्तूबर में तब हुई, जब एक स्कूल बस में भीषण आग लग गई और हादसे में 23 युवा छात्रों सहित शिक्षकों की मौत हो गई। सभी स्कूल के फील्ड ट्रिप पर गए थे। इस दुर्घटना के पीछे संदेह जताया गया था कि बस में आग रखरखाव और निरीक्षणों की लापरवाही के चलते लगी है।


### प्राचुआप खीरी खान में पेड़ से टकराई थी बस, 14 लोगों की गई थी जान

दिसंबर 2023 में, पश्चिमी प्रांत प्राचुआप खीरी खान में एक और बस दुर्घटना हुई। 49 लोगों से भरी बस सड़क से उतरकर एक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। पुलिस ने हादसे के पीछे ड्राइवर के सोने की संभावना जताई थी।

# ये राज्यसभा जाने की साजिश..., रवनीत बिट्टू का केजरीवाल को लेकर दावा; संजीव अरोड़ा को प्रत्याशी बनाए जाने पर भी सवाल

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब की सियासत में इस दौरान उथल-पुथल मची है। लुधियाना पश्चिम से विधायक गुरप्रीत गोगी के अचानक निधन के बाद अब यह सीट खाली पड़ी है। इस सीट पर अब उपचुनाव होगा। ऐसे में इस सीट से आम आदमी पार्टी ने संजीव अरोड़ा को प्रत्याशी बनाया है। जिसके बाद से अटकले लगने लगी कि संजीव अरोड़ा की जगह आप अरविंद केजरीवाल को राज्यसभा भेज सकती है।

**संजीव अरोड़ा ने जताया आप का आभार :** वहीं, लुधियाना पश्चिम से प्रत्याशी बनाए जाने पर संजीव अरोड़ा ने कहा कि वह अपने शहर के लोगों की सेवा करना चाहते हैं। संजीव अरोड़ा ने एक्स पर लिखा, 'आम आदमी पार्टी (क्र) के शीर्ष नेतृत्व के आभारी हैं, जिन्होंने लुधियाना पश्चिम के उपचुनाव के लिए मुझ पर विश्वास जताया। चूंकि यह मेरे होम टाउन का मामला है और मैं ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने लोगों की सेवा करने के लिए तैयार हूं।






**रवनीत बिट्टू की आई प्रतिक्रिया**

हालांकि, आम आदमी पार्टी के इस कदम पर विपक्ष की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। इस पर बीजेपी नेता और केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू का रिएक्शन सामने आया है। उन्होंने एक्स पोस्ट करते हुए लिखा कि संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार बनाना केजरीवाल की साजिश है। उन्होंने कहा, लुधियाना वेस्ट उपचुनाव, क्या केजरीवाल का राज्यसभा में जाना सोची-समझी साजिश है?

सरकारी बंगले की हताशा या तानाशाही को बनाए रखने की नई चाल? %आप% के राज्यसभा सदस्य अचानक विधानसभा चुनाव लड़ने क्यों उतर आए? क्या यह केजरीवाल की कुर्सी मजबूत करने की रणनीति है या किसी बड़े खेल की शुरुआत? लोभ की कोई सीमा नहीं होती। आप के मौजूदा राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा अचानक लुधियाना वेस्ट उपचुनाव क्यों लड़ रहे हैं?

क्या अरविंद केजरीवाल खुद राज्यसभा जाने की साजिश कर रहे हैं क्या उन्हें दिल्ली में सरकारी बंगले की चाहत है? अपनी तानाशाही को बनाए रखने के लिए यह आदमी किसी भी हद तक जा सकता है। लालच की कोई सीमा नहीं होती।




# पंजाब से राज्यसभा जाएंगे केजरीवाल? संजीव अरोड़ा की उम्मीदवारी से बदले समीकरण, आप ने किया खंडन

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** लुधियाना पश्चिम उपचुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने बुधवार को राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा का नाम घोषित किया। इसके साथ ही साफ हो गया है कि आप अरविंद केजरीवाल को राज्यसभा के जरिए संसद में भेजना चाहती है।

वहीं संजीव अरोड़ा की उम्मीदवारी पर राजनीति भी शुरू हो गई है। कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैरा ने तंज भरा ट्वीट किया।



## खैरा बोले-पंजाब के लिए काला दिन

खैरा ने लिखा-अगर राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को लुधियाना पश्चिम उपचुनाव से आप उम्मीदवार के तौर पर नामित किया गया है तो मुझे यकीन है कि अरविंद केजरीवाल अपनी राज्यसभा सदस्यता ले लेंगे! यह स्पष्ट है कि केजरीवाल ने अरोड़ा को पंजाब में कैबिनेट में जगह दिलाने की रिश्वत दी गई है। अगर ऐसा होता है तो इसका मतलब है कि केजरीवाल पिछले दरवाजे से सत्ता में आएंगे और सत्ता में आए बिना नहीं रह पाएंगे! इसका मतलब यह भी होगा कि पंजाब के अधिकारों का हनन होगा और साथ ही पंजाब में एक ऐसा सांसद होगा जो पंजाबी नहीं जानता! मुझे आश्चर्य है कि भगवंत मान इस निर्णय का बचाव कैसे करेंगे क्योंकि वे पंजाबी भाषा के पक्ष में आवाज उठाते रहे हैं और अक्सर पंजाब के विपक्षी नेताओं को कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़ने के लिए फटकार लगाते रहे हैं? संक्षेप में कहें तो यह गौरवशाली पंजाब राज्य के लिए काला दिवस होगा।

### गुरप्रीत गोगी की पत्नी भी थी दावेदार

वर्ष 2022 के विधानसभा चुनावों में जीते आम आदमी पार्टी के नेता गुरप्रीत सिंह गोगी के निधन के बाद यह सीट खाली हुई थी। इस सीट पर आने वाले कुछ वक्त में उप चुनाव कराया जाना है। गोगी की धर्मपत्नी डा. सुखचैन बस्सी गोगी भी इस सीट के लिए अपनी दावेदारी पेश कर रही थी। वे पार्टी की बैठकों के अलावा इलाके में भी सक्रिय रहीं।

इसके अलावा भी आप की तरफ से इस सीट पर कई दावेदार थे, लेकिन आम आदमी पार्टी की राजनीतिक शतरंज की बिसात पर राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा ही फिट बैठे, क्योंकि इस तरह से आप ने अपने कई मंसूबों को अमलीजामा पहनाने का काम तेज कर दिया है। आने वाले वक्त में सारी पिक्चर साफ हो जाएगी।

**मजीठिया बोले-आप पंजाब को बर्बाद कर रही है :** शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की सत्ता की लालसा उजागर हुई। आम आदमी पार्टी ने लुधियाना पश्चिम से राज्यसभा सदस्य संजीव अरोड़ा को अपना उम्मीदवार बनाया है। अब उनकी राज्यसभा सीट खाली करके अरविंद केजरीवाल या मनीष सिसोदिया को पंजाब से राज्यसभा सदस्य बनाया जाएगा। एक बार फिर पंजाब दिल्ली के लिए कुर्बान होने को तैयार हो रहा है। आप पंजाब को बर्बाद कर रही है। भगवंत मान कहते हैं कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। दिल्ली के लोगों को खुश होना चाहिए।

यूथ अकाली दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरबजीत सिंह झिंझर ने कहा कि ये दिल्ली अक्स को पंजाब में लाने का और भगवंत मान से सत्ता छीनने का एक और प्रयास है। पंजाब के लोग इनको सबक सिखाएंगे।

### आप ने किया खंडन

अरविंद केजरीवाल के पंजाब से राज्यसभा जाने की चर्चाओं का आम आदमी पार्टी ने खंडन किया है। पार्टी प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने सभी अफवाहों को आधारहीन बताया है।

# शंभू बार्डर खुलवाया जाएः सीएम भगवंत मान से मिले उद्योगपति, मिला समाधान का आश्वासन




**जालंधर( पवन कश्यप ) :** पंजाब के उद्योगपतियों और व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शंभू बॉर्डर खुलवाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान से उनके सरकारी निवास पर मुलाकात की और उनके हस्तक्षेप की मांग की। सीएम मान ने उद्योगपतियों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पंजाब भौगोलिक रूप से जमीनी सीमाओं से जुड़ा राज्य है और किसान आंदोलन के कारण शंभू बार्डर पर यातायात ठप होने से व्यापारिक गतिविधियां बहुत प्रभावित हो रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उद्योगपतियों को पेश आ रही सभी समस्याओं का समाधान करके उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंजाब में उद्योग और व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

# किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत बिगड़ी, बुखार की वजह से हाथ में सूजन; ड्रिप भी लगाना मुश्किल

**जालंधर( पवन कश्यप ) :** खनौरी बॉर्डर पर किसानों की मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत नाजुक बनती जा रही है। बुधवार को 93वें दिन भी डल्लेवाल मरण व्रत पर डटे रहे, लेकिन उनकी सेहत अब जवाब देने लगी है।



पिछले दो दिन से उनकी हालत खराब हो रही है। ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ है, सुबह पांच बजे अचानक उन्हें 103 डिग्री बुखार चढ़ गया। ऐसे में वहां मौजूद डॉक्टरों की टीम में भगदड़ मच गई और उन्होंने ट्रीटमेंट शुरू कर दिया, लेकिन डल्लेवाल का बुखार की वजह से हाथ सूज गया।

## ड्रिप लगाने के लिए नहीं मिल रही नस

बुखार उतारने के लिए माथे पर ठंडे पानी की पट्टी रखी गई। ड्रिप लगाने के लिए बाजू की नस भी नहीं मिल रही है। ऐसे में कुल मिलाकर जगजीत सिंह डल्लेवाल की हालत को लेकर डॉक्टर और किसान संगठन चिंता में हैं। किसान नेता काका सिंह कोटड़ा व अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि डल्लेवाल का बुखार उतारने के लिए ठंडे पानी की पट्टियां माथे पर रखी गई थी, जिससे उनको आराम मिला। इसके बाद नस में ड्रिप लगने की कोशिश की, परन्तु नस नहीं मिली। नेताओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि किसानों की मांगों को मानकर डललेवाल की जान बचाई जाए।

## 92 दिन से आमरण अनशन पर बैठे डल्लेवाल की हालत बिगड़ी

इससे पहले मंगलवार को खनौरी किसान मोर्चे पर आमरण अनशन के 92वें दिन जगजीत सिंह डल्लेवाल का स्वास्थ्य ज्यादा बिगड़ गया। उस समय उनका ब्लड प्रेशर 176/107 तक पहुंच गया। इसके बाद किसान मोर्चे पर मौजूद डॉक्टरों की टीम ने डल्लेवाल का ट्रीटमेंट किया, तब जाकर उनका ब्लड प्रेशर स्थिर हुआ। डॉक्टरों द्वारा लगातार डल्लेवाल के स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है।

किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने कहा कि 92 दिन के अनशन के दौरान डल्लेवाल ने अन्न का सेवन नहीं किया है, जिससे उनकी सेहत कमजोर होती जा रही है। केंद्र सरकार को किसानों की एमएसपी गारंटी कानून सहित अन्य मांगों को जल्द पूरा करना चाहिए क्योंकि एक वर्ष से किसान बॉर्डरों पर मोर्चा लगाए बैठे।

# नौजवान हेडफोन लगाकर चल रहा था पटरियों पर पीछे से आ गई ट्रेन, गई जान, गाजी गुल्ला का रहने वाला था कमल

**जालंधर( जसप्रीत सिंह ) :** हेडफोन लगाकर रेलवे ट्रैक पर चल रहे नौजवान की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मामला जालंधर के टांडा अड्डा रेलवे क्रासिंग के पास का बताया जा रहा है । जहाँ नौजवान अपनी धुन में इतना मस्त था की उसे पीछे से आ रही ट्रेन का पता ही नहीं चला और ये हादसा ये हादसा हो गया। मृतक की पहचान जालंधर के गाजी गुल्ला के रहने वाले कमल कुमार के रूप में हुई है।

पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल में भेज दिया है।

मृतक की पहचान जालंधर के गाजी गुल्ला के रहने वाले कमल कुमार के रूप में हुई है। जालंधर की जीआरपी की पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। साथ ही मृतक कमल की मौत के बारे में पुलिस ने देर रात परिवार को जानकारी दे दी थी और उनके बयान दर्ज कर लिए गए थे।



जानकारी के मुताबिक कमल घर से हेडफोन लगाकर निकला था और रेलवे लाइन पर चलने लगा। जब वह टांडा अड्डा के पास पहुंचा तो वह ट्रेन की चपेट में आ गया। कल यानी मंगलवार को वह अपने काम से छुट्टी लेकर आया था। आसपास के लोगों ने बताया कि जब कमल रेलवे क्रॉसिंग पर चल रहा था तो उसे कई बार साइड में जाने के लिए कहा गया। लेकिन हेडफोन कानों पर लगे होने के कारण उसे एक भी आवाज सुनाई नहीं दी।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247







# संगम तट पर आस्था की डुबकी...

## श्रद्धालुओं का सैलाब, महाशिवरात्रि पर जुटे श्रद्धालु



**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** महाकुंभ में महाशिवरात्रि के आखिरी स्नान पर्व पर स्नानार्थियों की जबरदस्त भीड़ है। महाकुंभ के आखिरी दिन तीर्थनगरी में पवित्र स्नान के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आज दो करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

पुण्यकाल और मुहूर्त का इंतजार किए बिना श्रद्धालु आधी रात से ही आस्था की डुबकी लग रहे हैं। संगम जाने वाली सड़कों पर हर तरफ जन प्रवाह नजर आ रहा है। सभी रास्ते श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरे हैं।

त्रिवेणी बांध से लेकर कई मार्ग और संगम से जुड़े अन्य मार्गों पर भीड़ का तांता लगा है। संगम पर आस्था-भक्ति और विश्वास की अमृतमयी बूंदें एक बार फिर एकाकार हो गई हैं।

मेला प्रशासन के मुताबिक, मंगलवार रात आठ बजे तक 1.30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगा ली थी। स्थिति यह है कि बुधवार सुबह 6ः00 बजे तक ही 40 लाख से अधिक लोग स्नान कर चुके हैं।

इसके साथ ही स्नानार्थियों की कुल संख्या 65 करोड़ पार हो गई है। मंगलवार तक 64.77 करोड़ लोग स्नान कर चुके थे। महाशिवरात्रि और महाकुंभ के अंतिम स्नान के लिए मेला प्रशासन ने लगभग दो करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन के लिए विशेष तैयारियां की हुई हैं।

महाशिवरात्रि पर संगम स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई है। संगम के घाटों पर हर तरफ स्नानार्थी ही नजर आ रहे हैं। सिर पर गठरी और कंधे पर झोला लिए श्रद्धालुओं की भीड़ संगम की ओर बढ़ रही है।

रास्ते भर जय गंगा मैया, हर-हर महादेव और जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष लगाते लाखों श्रद्धालुओं ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया है। आस्था भक्ति की लहरों के बीच संगम से शहर तक कहीं तिल रखने की जगह नहीं बची।

**देश की लगभग आधी आबादी ने लगाई डुबकी :** तीर्थराज प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में संख्या के लिहाज से भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में सनातन धर्म को मानने वाले करोड़ों श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। यदि देश की कुल जनसंख्या से स्नानार्थियों की तुलना की जाए तो इसके अनुसार भी लगभग 50 प्रतिशत भारत ने त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा ली है।

वहीं, अगर सनातन धर्मावलंबियों की बात करें तो देश के 60 प्रतिशत से ज्यादा और दुनिया के करीब 55 प्रतिशत सनातनी श्रद्धालुओं ने पावन स्नान कर लिया है। 45 दिन तक चले इस आयोजन में श्रद्धा की डुबकी लगाने के लिए दुनिया भर से श्रद्धालु जुटे हैं।



73 देशों के राजनयिकों के साथ भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि यहां अमृत स्नान करने पहुंचे। यही नहीं, मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर महाकुंभ के साक्षी बन चुके हैं। इसके अलावा इटली, फ्रांस, यूके, पुर्तगाल, अमेरिका, इजराइल, ईरान, मॉरीसस समेत दुनिया के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुंभ के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भी सुबह से ही एक्टिव नजर आए। बीते सभी अमृत स्नान और स्नान पर्व की तरह मुख्यमंत्री सुबह तड़के चार बजे से ही व्यवस्थाओं को देखने के लिए कंट्रोल रूम पहुंच गए।





# शरीर में पोषण की कमी नहीं होने देंगी 5 तरह की देसी दालें

## फायदे जानकर कटोरी भर-भर खाएंगे आप



अगर आपको लगता है कि सिर्फ मांस और अंडे ही शरीर को ताकत और पोषण दे सकते हैं, तो एक बार फिर सोचिए! जी हां, हमारे भारतीय भोजन में ऐसे कई सुपरफूड्स हैं जो सेहत का खजाना हैं। इन्हीं में से एक है %दाल%यानी हर भारतीय रसोई का अहम हिस्सा।

दालें न सिर्फ स्वाद में लाजवाब होती हैं, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद फायदेमंद होती हैं। प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर ये दालें शरीर को मजबूत और एनर्जेटिक बनाए रखने में बड़ा रोल प्ले करती हैं। अगर आप भी हेल्दी रहना चाहते हैं, तो इन 5 देसी दालों को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

### अरहर (तूर) दाल

अरहर की दाल भारतीय घरों में सबसे ज्यादा खाई जाती है। इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन, फाइबर, आयरन और फोलिक एसिड पाया जाता है। यह हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करती है और पाचन को भी दुरुस्त रखती है। गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए यह दाल बेहद फायदेमंद होती है क्योंकि इसमें फॉलिक एसिड ज्यादा मात्रा में होता है, जो शरीर की कोशिकाओं के विकास में मदद करता है।

### मूंग दाल

अगर आप हल्का और सुपाच्य खाना चाहते हैं, तो मूंग दाल से बेहतर कुछ नहीं। इसमें प्रोटीन, फाइबर, पोटैशियम और मैग्नीशियम भरपूर होता है। यह वजन घटाने में भी मददगार होती है क्योंकि इसमें कम कैलोरी और ज्यादा पोषण होता है। मूंग दाल पेट के लिए बहुत अच्छी होती है और पेट से जुड़ी बीमारियों जैसे गैस, एसिडिटी और कब्ज से बचाने में मदद करती है।

### मसूर दाल

मसूर की दाल लाल रंग की होती है और यह दिल की सेहत के लिए बहुत अच्छी मानी जाती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर और फोलेट भरपूर होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने और हार्ट को हेल्दी रखने में मदद करता है। मसूर दाल खाने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है और शरीर में आयरन की कमी को भी दूर किया जा सकता है।

### चना दाल

चना दाल प्रोटीन और फाइबर का बेहतरीन स्रोत है। यह डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद होती है क्योंकि यह ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखने में मदद करती है। इसमें लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स (तङ्घ) होता है, जिससे शुगर धीरे-धीरे रिलीज होती है और अचानक ब्लड शुगर नहीं बढ़ता। इसके अलावा, चना दाल वजन घटाने और पाचन सुधारने में भी मददगार होती है।



### उड़द दाल

उड़द की दाल को ॠशक्ति दालॠ भी कहा जाता है क्योंकि यह शरीर को ताकत देने का काम करती है। इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और ओमेगा-3 फैटी एसिड भरपूर मात्रा में होते हैं, जो हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। खासतौर पर यह बुजुर्गों के लिए बहुत फायदेमंद होती है क्योंकि यह हड्डियों को कमजोर होने से बचाती है।

### कैसे करें दालों को डाइट में शामिल?

- रोजाना एक कटोरी दाल जरूर खाएं।
- दाल का सूप या खिचड़ी बनाकर खा सकते हैं।
- अंकुरित दालों का सेवन करें, इससे पोषण बढ़ जाता है।
- दालों को सब्जियों के साथ मिलाकर सेवन करें, इससे फाइबर की मात्रा बढ़ती है।

# कांगो में Mystery Disease से 50 लोगों की मौत, लक्षण दिखने के 48 घंटे में जा रही जान



दुनियाभर में इन दिनों में एक अज्ञात बीमारी ने लोगों की चिंता बढ़ा रखी है। दरअसल, यहां एक जानलेवा बीमारी ने 50 से ज्यादा लोगों की जान ले ली है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें, तो चमगादड़ खाने वाले तीन बच्चों में सबसे पहले इस बीमारी का पता चला था, जिसके बाद अब इसके मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। आइए जानते हैं इस बीमारी से जुड़ी सभी जानकारी-

### क्या है इस बीमारी के लक्षण?

यह बीमारी बेहद खतरनाक मानी जा रही है, क्योंकि इसके लक्षण नजर आने के बाद 48 घंटे के अंदर ज्यादातर लोगों को मौत हो रही है। इसके शुरुआती लक्षणों में बुखार, उल्टी और इंटरनल ब्लीडिंग शामिल है। इन हालातों में देखते हुए इस बीमारी को चिंताजनक माना जा रहा है।

इंटरनल ब्लीडिंग यानी hemorrhagic fever वाले लक्षण आमतौर पर इबोला, डेंगू, मारबर्ग और येलो फीवर जैसे ज्ञात घातक वायरस से जुड़े होते हैं, लेकिन शोधकर्ताओं ने अब तक जमा किए गए एक दर्जन से ज्यादा सैंपल के परीक्षणों के आधार पर इस बीमारी का इन वायरस से कोई कनेक्शन सामने नहीं आया है। डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में इस बीमारी का प्रकोप 21 जनवरी से शुरू हुआ, जिसके बाद अब तक इसके 419 मामले दर्ज किए गए और 53 मौतें हुईं।

### क्या है WHO का कहना?

इस मिस्ट्री डिजीज पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अफ्रीका कार्यालय का कहना है कि बोलोको गांव में इस बीमारी का प्रकोप तब शुरू हुआ, जब तीन बच्चों ने चमगादड़ खा लिया और 48 घंटों के भीतर उनकी मौत हो गई।

### पहले डिजीज एक्स ने ली थी लोगों की जान


इससे पहले, कांगो के दूसरे हिस्से में एक रहस्यमयी बीमारी ने दर्जनों लोगों की जान ली थी। इस रहस्यमयी बीमारी को संभावित रूप से मलेरिया माना जा रहा था। इस बीमारी ने 400 से ज्यादा लोगों को बीमार कर दिया और इससे 79 लोगों की मौत हो गई थी। ज्यादातर मामले और मौतें 14 साल से कम उम्र के बच्चों में पाई गईं। यह डिजीज एक्स, जो बाद में मलेरिया निकला, उसमें बुखार, खांसी, थकान, सिरदर्द और नाक बहना जैसे सामान्य लक्षण थे। गंभीर लक्षणों में सांस लेने में कठिनाई, एनीमिया और अक्यूट मेलन्यूट्रिशन के लक्षण शामिल हैं।

### मलेरिया के लक्षण

बात करें मलेरिया के लक्षणों की, तो इसमें बुखार, ठंड लगना और पसीना आना शामिल है, इसके अन्य लक्षणों सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द, मतली और थकान शामिल हैं। वहीं, गंभीर मामले ऑर्गन फेलियर, दौरे आना या कोमा का कारण बन सकते हैं।




# बार-बार थ्रेडिंग कराने के 4 बड़े नुकसान, जानकर पार्लर जाने से डरेंगी...!



चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के लिए ज्यादातर महिलाएं थ्रेडिंग तकनीक का इस्तेमाल करती हैं। खासतौर पर जब बात आती है आईब्रो सेट कराने की, तब तो थ्रेडिंग ही सबसे सही विकल्प लगता है। पर, क्या आप जानते हैं थ्रेडिंग आपके चेहरे को काफी हानि पहुंचा सकती है। खास बात ये है कि इन नुकसानों के बारे में ज्यादातर लोगों को पता ही नहीं होता है।

ऐसे में आपको ये जानने की बेहद जरूरत है, कि किस तरह से थ्रेडिंग आपकी त्वचा को डैमेज करती है। हालांकि यदि सही तकनीक के साथ इसका इस्तेमाल किया जा जाए तो कम रुपये में इसकी वजह से त्वचा के अनचाहे बाल साफ हो सकते हैं।



## त्वचा में बढ़ सकती है जलन

- बार-बार और कम समय अंतराल में थ्रेडिंग कराने त्वचा पर अत्यधिक घर्षण होता है, जिससे लालिमा, जलन और सूजन हो सकती है।
- खासतौर पर अगर आपकी त्वचा संवेदनशील हैं, तब तो आपको थ्रेडिंग कराते समय कुछ समय अंतराल अवश्य रखना चाहिए।

## बढ़ जाती है रैशेज होने की संभावना

- थ्रेडिंग के दौरान रोमछिद्र खुल जाते हैं, जिससे धूल और बैक्टीरिया त्वचा में चले जाते हैं।
- इससे त्वचा पर रैशेज होने की संभावना बढ़ जाती है।
- इसलिए यदि थ्रेडिंग करा रही हैं तो तुरंत बाद त्वचा पर क्रीम अवश्य लगाएं, ताकि रैशेज की संभावना कम हो जाए।

## त्वचा में कट से होता है इंफेक्शन का खतरा

- अगर थ्रेडिंग करते समय धागा सही तरीके से नहीं चलाया गया, तो त्वचा कट सकती है।
- कट लगने से इंफेक्शन या स्किन इरिटेशन हो सकती है।
- इसके लिए यदि पहले से ही त्वचा पर कट लगा हो, तब तो थ्रेडिंग करने से दूर ही रहें।

## त्वचा हो जाएगी ढीली

- लगातार थ्रेडिंग करने से त्वचा पर बार-बार खिंचाव पड़ता है, जिससे त्वचा की लचक कम हो सकती है और वह ढीली पड़ने लगती है।
- इसलिए कोशिश करें कि एक बार थ्रेडिंग करने के बाद कुछ दिन का गैप दें।

## इन का रखें ध्यान

यदि बिना थ्रेडिंग के आपका चेहरा अच्छा नहीं लगता है तब आपको कुछ सावधानियों के साथ आईब्रो सेट करानी चाहिए। इसके लिए थ्रेडिंग के बाद एलोवेरा जेल या आइस क्यूब का इस्तेमाल करें, ताकि जलन कम हो। हमेशा साफ तरीके से काम करने वाले ब्यूटी एक्सपर्ट से ही थ्रेडिंग करवाएं।

# कहीं आपके भोजन में भी तो नहीं है प्यूरीन की अधिकता? इससे गठिया और किडनी स्टोन का हो सकता है खतरा

कई अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि अगर आपका खान-पान ठीक है तो ये गंभीर बीमारियों से बचाए रखने में आपके लिए मददगार हो सकता है। आप जिन चीजों का सेवन करते हैं, सेहत पर उसका सीधा असर होता है, यही कारण है कि सभी लोगों को पौष्टिक और स्वस्थ चीजें खाने की सलाह दी जाती है। आहार विशेषज्ञ कहते हैं, स्वस्थ रहने के लिए क्या खाना चाहिए, इससे जरूरी ये जानना है कि आपको क्या नहीं खाना चाहिए? गठिया और किडनी से संबंधित बढ़ती समस्याओं को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को उन चीजों से दूरी बनाए रखने की सलाह देते हैं जिनमें प्यूरीन की अधिकता होती है।

प्यूरीन क्या है और इसके क्या नुकसान हो सकते हैं, आइए इस बारे में विस्तार से समझते हैं।

## क्या होता है प्यूरीन?

प्यूरीन एक प्राकृतिक कंपाउंड है, जो डीएनए और आरएनए के निर्माण में मदद करता है। यह शरीर की कोशिकाओं में पाया जाता है और कई खाद्य पदार्थों में भी मौजूद होता है। जब



हमारे शरीर में प्यूरीन का ब्रेक डाउन होता है तो इससे यूरिक एसिड बनता है, जिसे शरीर आमतौर पर मूत्र में बाहर निकाला देता है। हालांकि यदि आप हाई प्यूरीन वाली चीजों का सेवन अधिक करने लगें और शरीर में प्यूरीन की अधिक मात्रा हो जाए, तो इसके कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम भी हो सकता है।

## प्यूरीन की अधिकता और इसके नुकसान

जब हमारे शरीर में प्यूरीन की अधिकता हो जाती है और किडनी इसे ठीक तरीके से बाहर नहीं निकाल पाती, तो यह शरीर में जमा होने लगता है, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। प्यूरीन की अधिकता यूरिक एसिड को बढ़ाने लगती है और यूरिक एसिड बढ़ने से जोड़ों में क्रिस्टल बनने लगते हैं, जिससे सूजन, दर्द और अकड़न हो सकती है। यह आमतौर पर पैर के अंगूठे, टखनों और घुटनों को प्रभावित करता है। इसके अलावा यूरिक एसिड के क्रिस्टल किडनी में जमा होकर पथरी बना सकते हैं। अधिक प्यूरीन युक्त चीजों के सेवन से मेटाबॉलिक सिंड्रोम का खतरा हो सकता है, जिससे मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज का जोखिम बढ़ जाता है।

## खान-पान में करें बदलाव

- कुछ खाद्य पदार्थों में प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है, जिनका ज्यादा सेवन करने से यूरिक एसिड बढ़ सकता है।
- हाई प्यूरीन फूड्स जैसे मांस और मछली का सीमित मात्रा में ही सेवन करना चाहिए।
- राजमा, चना, सोयाबीन, मसूर, मटर जैसी दालों के भी अधिक सेवन से बचना चाहिए।
- कुछ प्रकार की सब्जियां जैसे पालक, मशरूम, ब्रोकली, फूलगोभी का अधिक सेवन भी नुकसानदायक हो सकता है।
- शराब, कॉफी भी प्यूरीन और यूरिक एसिड के स्तर को बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

## किन चीजों का सेवन करना चाहिए?

- अच्छी सेहत के लिए लो प्यूरीन फूड्स का सेवन करना अच्छा विकल्प है।
- फल (सेब, केला, संतरा, पपीता), सब्जियां (खीरा, टमाटर, गाजर, लौकी), डेयरी उत्पाद, अंडे और नट्स में प्यूरीन की मात्रा बहुत कम होती है और इनके सेवन से आपको कई लाभ हो सकते हैं। हाई प्यूरीन फूड्स का सेवन कम करने के साथ खूब पानी पीना भी जरूरी है ताकि यूरिक एसिड बाहर निकल सके। हरी सब्जियां और फाइबर युक्त आहार आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हो सकते हैं।
- अगर आपको गठिया, किडनी स्टोन या यूरिक एसिड की समस्या है, तो डॉक्टर से परामर्श लेकर प्यूरीन युक्त भोजन का सेवन नियंत्रित करें।